# 19. अनुच्छेद-लेखन

किसी विषय पर अपने विचारों को क्रमबद्ध तरीके से लिखना अनुच्छेद-लेखन कहलाता है। अनुच्छेद कम शब्दों में अधिक बात कहते हैं। अनुच्छेद-लेखन द्वारा बच्चों की विषय के प्रति जागरूकता, उनकी विचारधारा तथा वाक्यों को पिरोने की क्षमता को आँका जाता है।

- ❖ अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को कोई विषय दें तथा उनसे उस पर कुछ वाक्य बुलवाएँ।
- ❖ समझाएँ, अनुच्छेद अपने विचारों को सटीकता से प्रकट करने का माध्यम है।
- ❖ पाठ पृष्ठ 149-152 पर दिए अनुच्छेदों को बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ यथासंभव प्रत्येक बच्चे को अनुच्छेद अंश पढ़ने का अवसर दें।
- ❖ अनुच्छेद लिखते समय ध्यान रखने योग्य बिंदुओं पर चर्चा करें।
- ❖ संकेत बिंदुओं की सहायता से दिए विषयों का अनुच्छेद-लेखन अभ्यास करवाएँ।